द्वितीय आवधिक परीक्षा 2019-20

कक्षा : 10

विषय : हिन्दी पाठ्यक्रम-अ

निर्धारित समय : 1.30 घंटा | अधिकतम अंक: 40

निर्देश :-

1. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या अवश्य लिखें |

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दिए गए विकल्पों मे से चुनकर लिखिए- 8

कश्मीर का नाम प्रत्येक भारतीय को लुभाता है | किसी ने यहाँ तक कहा है कि पृथ्वी पर अगर कहीं स्वर्ग है, तो वह यहीं है | हिन्दी कवियों को हिमालय एवं कश्मीर मोहते रहते हैं | श्रीधर पाठक की कविता, 'कश्मीर सुषमा' इसका अच्छा प्रमाण है |कल्हण की 'राजतरंगिणी'कश्मीर के प्राचीन इतिहास पर प्रकाश डालती है |कहा जाता है कि आज जहाँ घाटी है, वहाँ पहले सतीसर झील थी, जो कि पर्वतों की बर्फ के पिघलने से बनी थी | महाभारत-काल से ही कश्मीर-शासकों की गाथा मिलती है | आगे प्रामाणिक इतिहास के युग में सम्राट अशोक ने कश्मीर में अनेक बौद्ध विहार एवं स्तूप बनवाए थे | इतिहास की लंबी परंपरा में सम्राट ललिता-दित्य का नाम विशेष उज्ज्वल रहा, जिसका साम्राज्य बहुत ही समृद्धिशाली था| वे स्वयं साहित्यकार और कलाप्रेमी थे |आज भी कश्मीर और वहाँ की सभ्यता और संस्कृति हमें लुभाती और आकर्षित करती रहती है |

(क) कश्मीर के बारे में क्या जानकारी मिलती है ? 2

(ख) सम्राट ललितादित्य का नाम क्यों उल्लेखनीय है ? 2

(ग) पृथ्वी पर स्वर्ग किस स्थान को कहा गया है ? 1

प्रश्न 2. खाद्य वस्तुओं में मिलावट के बारे में जन जागरूकता हेतु स्थानीय समाचार पत्र के मुख्य सम्पादकको पत्र लिखिए। 4

अथवा

आपका मित्र बीमार था और परीक्षा न दे पाने के कारण निराश है। उसका हौसला बढ़ाते हुए उसे पत्र लिखिए।

प्रश्न 3. रेखांकित का पद परिचय दीजिए – 1+1 = 2

1. अहा ! <u>उपवन</u> में सुंदर फूल खिले हैं।
2. <u>कुछ</u> लोग सुबह की ट्रेन से आएंगे।

प्रश्न 4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1+1 = 2

1. 'उन्होंने उछलकर डोर पकड़ ली।' कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए |
2. 'वह तो उठ भी नहीं सकती।' वाच्य-भेद बताइए |

प्रश्न 5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1+1 = 2

1. कुछ भी सीखने के लिए स्कूल जाना जरूरी नहीं है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)
2. मुझे मालूम है कि मुझे लोग पसंद नहीं करते। (आश्रित उपवाक्य का भेद लिखिए)

प्रश्न 6.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1+1+1+1=4

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। ग्राहक के लिए जीरा मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाज़िर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाकों पर जीरा मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था।

हम कनखियों से देख रहे थे। मियां रईस बनते हैं लेकिन लोगों की नजरों से बच सकने के ख्याल में अपनी असलियत पर उतर आए हैं।

1. पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 1

Scanned by CamScanner

2. लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरा कैसे बेचते हैं? 1

3. नवाब साहब ने क्या तैयारी की? 1

4. लेखक ने नवाब साहब के बारे में क्या सोचा? 1

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2+2+2 = 6

1. फादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है, कैसे?
2. भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?
3. लेखिकाके पिता ने रसोईघरको 'भटियारखाना' क्यों कहा?'एक कहानी यह भी'पाठ के आधार पर बताइए?
4. बच्चों द्वारा नेताजी की मूर्ति पर चश्मा लगाने से हालदार साहब भावुक क्यों हो गए?
5. बिना विचार घटना या पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है? यशपाल के इस विचारसे आप कहाँ तक सहमत हैं?

प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1+1+1+1=4

बादल गरजो!
घेर-घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो-
बादल गरजो!

1. कवि और कविताका नाम लिखिए।
2. बादलों को कैसा बताया गया है?
3. बाल कल्पना और बादलों में क्या समानता हो सकती है?
4. कवि ने बादलों को गरजने के लिए क्यों कहा है?

प्र.9.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2+2+2 = 6

1. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर क्या-क्या तर्क दिए?
2. कवि निराला की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है?
3. भ्रमरगीत की विशेषताएँ बताइए |
4. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?
5. कवि बादल से फुहार रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहता है ?

प्रश्न 10. जॉर्ज पंचम की लाट पर किसी भी भारतीय नेता यहाँ तक कि भारतीय बच्चे की नाक फिट न होने की बात से लेखक किस ओर संकेत करना चाहता है? 2

अथवा

झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया हुआ गंतोक शहर लेखिका को किस प्रकार सम्मोहित कर रहा था?

Scanned by CamScanner